DAY — **07** SEAT NUMBER | | | | | | |

| 2025 | VII | 02 | 1100 | J-383 | (H) |
|---|---|---|---|---|---|

# HISTORY (38)

**Time : 3 Hrs.** **(11 Pages)** **Max. Marks : 80**

***सूचना :*** *( १ ) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।*
*( २ ) दाहिनी ओर प्रश्नों के अंक दिए गए हैं।*
*( ३ ) उत्तर पत्रिका में सभी आकृतियों के लिए सिर्फ पेन का ही उपयोग करें।*
*( ४ ) प्रत्येक नए प्रश्न का उत्तर नए पृष्ठ से आरंभ कीजिए।*

**प्र. १.** **( अ )** निम्नलिखित विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर पूर्ण विधान पुनः लिखिए : **[ १० ]** (६)

(१) जेरूसलेम और ______ यह दो नगर ज्यू, ईसाई और इस्लाम धर्मों के अनुयायियों के लिए अत्यंत पवित्र हैं।
(अ) बेथलेहॅम
(ब) क्यूबेक
(क) मेंझ
(ड) इस्तांबुल (कॉन्स्टेन्टिनोपल)

(२) भारतीय शासकों को हिंद महासागर से जहाज भेजने पर ______ का अनुज्ञापत्र (कार्ताझ) लेना आवश्यक था।
(अ) डच
(ब) ब्रिटिश
(क) पुर्तगाली
(ड) फ्रांसीसी (फ्रेंच)

(३) १६६८ ई. में राजापुर में ______ की अनुमति से फ्रान्सीसियों द्वारा कोठियाँ प्रारंभ की गई –

(अ) छत्रपति शाहू महाराज

(ब) छत्रपति संभाजी महाराज

(क) छत्रपति राजाराम महाराज

(ड) छत्रपति शिवाजी महाराज

(४) सत्यशोधक समाज की स्थापना ______ ने की।

(अ) राजा राममोहन रॉय

(ब) महात्मा जोतिराव फुले

(क) स्वामी दयानंद सरस्वती

(ड) स्वामी विवेकानंद

(५) राष्ट्रसंघ की अवधारणा ______ ने प्रस्तुत की थी।

(अ) फ्रान्स

(ब) अमेरिका

(क) इटली

(ड) जर्मनी

(६) सीटो का मुख्यालय ______ में था।

(अ) थाईलैंड

(ब) फिलीपींस

(क) पाकिस्तान

(ड) ग्रेट ब्रिटेन

**( ब )** निम्न समूहों में से 'ब' गुट की गलत जोड़ियों को सुधारकर पुनः लिखिए : (४)

(१) 'अ' गुट — 'ब' गुट

| | 'अ' गुट | | 'ब' गुट |
|---|---|---|---|
| (i) | कुंवरसिंह | — | लखनऊ |
| (ii) | नानासाहेब पेशवा | — | कानपुर |
| (iii) | रानी लक्ष्मीबाई | — | झाँसी |
| (iv) | चिमा साहब | — | कोल्हापुर |

(२)

| | 'अ' गुट | | 'ब' गुट |
|---|---|---|---|
| (i) | हैदराबाद रियासत का विलीनीकरण | — | स्वामी रामानंद तीर्थ |
| (ii) | कश्मीर रियासत के विलीनीकरण के करारनामें पर दस्तख़त | — | शेख अब्दुल्ला |
| (iii) | गोवा मुक्तिसंग्राम में महत्त्वपूर्ण योगदान | — | मोहन रानडे |
| (iv) | पुदुच्चेरी के श्रमिक नेता | — | व्ही. सुबय्या |

(३)

| | 'अ' गुट | | 'ब' गुट |
|---|---|---|---|
| (i) | बांडुंग | — | बांडुंग सम्मेलन |
| (ii) | पैरिस | — | १९१९ में अखिल अफ्रीकी एकता सम्मेलन |
| (iii) | लंदन | — | १९०० में प्रथम अखिल अफ्रीकी एकता सम्मेलन |
| (iv) | मैनचेस्टर | — | एशियाई एकता सम्मेलन |

(४) ‘अ’ गुट — ‘ब’ गुट

(i) ‘दो बूंद जिंदगी के’ — स्वच्छ भारत अभियान

(ii) ‘सब पढ़ें सब बढ़े’ — सर्व शिक्षा अभियान

(iii) ‘आओ और खेलो’ — क्रीड़ा क्षेत्र के विकास की योजना

(iv) ‘अतुल्य भारत’ — पर्यटन में वृद्धि करने के लिए योजना

**प्र. २.** **(अ)** ऐतिहासिक स्थान, व्यक्ति, घटना, आदि संबंधी नाम लिखिए : (४) **[८]**

(१) वाष्पशक्ति पर चलने वाली क्लेरमॉन्ट नाव (बोट) तैयार करने वाला इंजीनियर ______

(२) ब्रिटिशों द्वारा चेन्नई की उत्तर दिशा में बनाया हुआ किला ______

(३) पुर्तगालियों का गोला बारूद रखने का स्थान ______

(४) वायकोम आंदोलन में हिस्सा लेने वाले ______

**(ब)** दिए गए कारणों में से उचित कारण चुनकर विधान पूर्ण कीजिए : (४)

(१) रवींद्रनाथ टैगोर ने ‘सर’ उपाधि का त्याग किया —

(अ) जलियाँवाला बाग हत्याकांड की भर्त्सना (निषेध) के लिए

(ब) साइमन कमीशन का विरोध दर्शाने के लिए।

(क) भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को प्रोत्साहन देने के लिए।

(ड) असहयोग आंदोलन को प्रोत्साहन देने के लिए।

(२) प्रथम विश्वयुद्ध के बाद 'राष्ट्रसंघ' की स्थापना की गई —

(अ) यूरोप में आयात-निर्यात नीति विषय में महसूल (कर) निश्चित करने के लिए।

(ब) विभिन्न राष्ट्रों के मध्य के विवाद एवं संघर्ष शांतिपूर्वक हल किए जाएँ और विश्व में शांति प्रस्थापित हो सके।

(क) पराजित हुए राष्ट्रों का आर्थिक शोषण करने के लिए।

(ड) अमेरिका को विश्व का नेतृत्व करना था इसलिए।

(३) द्वितीय विश्वयुद्ध काल में अफ्रीका में स्वतंत्रता आंदोलन अधिक आक्रामक हुआ क्योंकि —

(अ) अफ्रीका के उपनिवेशों ने विदेशियों का वर्चस्व नष्ट कर दिया।

(ब) अफ्रीका में पाश्चात्य शिक्षा पद्धति थी।

(क) द्वितीय विश्वयुद्ध में अंग्रेज और फ्रांसीसी उपनिवेशों को कुछ अधिकार देने की शुरूआत हुई।

(ड) पाश्चात्य देश द्वितीय विश्वयुद्ध में व्यस्त थे।

(४) आन्झुस (ANZUS) संधि में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अमेरिका के अतिरिक्त किसी भी राष्ट्र को प्रवेश नहीं दिया गया क्योंकि —

(अ) उन्हें ग्रेट ब्रिटेन एवं फ्रांस का महत्त्व बढ़ने नहीं देना था।


(ब) यह एक सैन्य संधि थी।

(क) यह गुप्त संधि थी।

(ड) यह केवल मित्र देशों के मध्य संधि थी।

**प्र. ३.** **( अ )** दिए गए मानचित्र का निरीक्षण करके दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **[ १३ ]**

(५)




(१) प्रस्तुत मानचित्र में कितने उपनिवेश दर्शाए गए हैं?

(२) अमेरिका में मैसाच्युसेट्स में कौन-से बंदरगाह में चाय के बक्से समुद्र में फेंकने की घटना हुई?


(३) अमेरिका महाद्वीप के पूर्व में कौन-सा समुद्र है?

(४) विल्यमबर्ग यह नगर कौन-से उपनिवेश में स्थित है?


(५) मानचित्र में सबसे दक्षिण की ओर स्थित उपनिवेश कौन-सा है?

**( ब )** निम्नलिखित अवधारणा चित्रों को पूर्ण कीजिए (कोई चार) : (८)


(१) अवधारणा चित्र पूर्ण कीजिए –





(२) यूरोपीय सत्ता और उनके भारत में महत्त्वपूर्ण उपनिवेशों को लिखकर अवधारणा चित्र पूर्ण कीजिए –





(३) अवधारणा चित्र पूर्ण कीजिए –



(४) अवधारणा चित्र पूर्ण कीजिए -




(५) अवधारणा चित्र पूर्ण कीजिए -




(६) तालिका पूर्ण कीजिए -

| पर्यावरण क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्ति। | संस्थाएँ |
|---|---|
| (१) राहीबाई पोपेरे | ________ |
| (२) भाऊ काटदरे | ________ |
| (३) प्रेमसागर मेस्त्री | ________ |
| (४) हमीद दलवाई | ________ |

**प्र. ४.** **( अ )** संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए (कोई तीन) : (६) **[ १५ ]**

(१) राजर्षि शाहू महाराज

(२) कामागाटा मारू

(३) नि:उपनिवेशीकरण

(४) स्पीड पोस्ट

(५) आयुष

**( ब )** निम्नलिखित विधान कारण सहित स्पष्ट कीजिए (कोई तीन) : (९)

(१) औद्योगिक क्रांति का प्रारंभ सर्वप्रथम इंग्लैंड में हुआ।

(२) छत्रपति शिवाजी महाराज ने बारदेश पर आक्रमण किया।

(३) डॉ. बाबासाहब आंबेडकर ने स्वतंत्रता, समता और बंधुता इन तत्त्वों के आधार पर समाज का निर्माण किया।

(४) हैदराबाद रियासत भारत में विलीन हुई।

(५) ब्रिटिश और म्यानमार के बीच तीन युद्ध हुए।

**प्र. ५.** **अपना मत स्पष्ट कीजिए ( कोई तीन ) :** **[ ९ ]**

(१) 'अमेरिकी स्वतंत्रता का घोषणापत्र' घोषित हुआ।

(२) भारत के स्वतंत्रता युद्ध में क्रांतिसिंह नाना पाटिल का योगदान महत्त्वपूर्ण है।

(३) अमेरिका एवं रूस के मध्य शीतयुद्ध की शुरूआत हुई।

(४) भारत अंतरिक्ष अनुसंधान क्षेत्र में अग्रणी देश है।

(५) पर्यटन स्थलों की देखभाल सभी को करनी चाहिए।

**प्र. ६. निम्नलिखित प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए ( कोई दो ) :** **[ १० ]**

(१) पुर्तगाली तथा मराठों के बीच के संघर्ष के बारे में जानकारी लिखिए।

(२) गोवा मुक्ति संग्राम की जानकारी लिखिए।

(३) द्‌वितीय विश्वयुद्‌ध के कारण लिखिए।

**प्र. ७. दिए गए मुद्‌दों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए ( कोई तीन ) :** **[ १५ ]**

(१) भौगोलिक खोज (शोध) एवं खोजकर्ता की जानकारी लिखिए।

(अ) क्रिस्टोफर कोलंबस

(ब) अमेरिगो वेस्पुस्सी

(क) वास्को–दि–गामा

(२) ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के बारे में जानकारी लिखिए।

(अ) स्थापना

(ब) ईस्ट इंडिया कंपनी को मिलनेवाले अधिकार

(क) कोठियों का व्यवस्थापन (प्रशासन)

(३) १९४२ 'चले जाव' (भारत छोड़ो) आंदोलन की जानकारी लिखिए।

(अ) मुंबई अधिवेशन

(ब) महात्मा गाँधीजी का आह्‌वान (Appeal)

(क) आंदोलन के परिणाम

(४) राज्यों के पुनर्गठन की जानकारी लिखिए।

(अ) झारखंड

(ब) तेलंगाना

(क) उत्तराखंड

(५) सार्क (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) के बारे में जानकारी लिखिए।

(अ) स्थापना एवं लक्ष्य

(ब) सार्क के समक्ष की चुनौतियाँ

(क) सार्क की सफलताएँ

◆◆◆